# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग।
## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या–6ए/वि01–102/2024– 97 पटना, दिनांक–24/01/24

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय अंतर्गत संवेदक/एजेन्सी Construction & Construction को एकरारनामा संख्या–SBD-01/2020-21 के तहत आवंटित ''हर घर नल जल'' का कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–376 सह पठित ज्ञापांक–2827, दिनांक–09.12.2020 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

संवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत, डिबार से मुक्त करने हेतु आवेदन समर्पित किया गया जिसे संलग्न करते हुए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर के पत्रांक–632 दिनांक–23.12.2023 द्वारा डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–16.01.2024 को प्रधान सचिव द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय द्वारा भाग लिया गया।

तदोपरान्त संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरांत विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–376 सह पठित ज्ञापांक–2827, दिनांक–09.12.2020 द्वारा संवेदक/एजेन्सी Construction & Construction (सूचीबद्धता संख्या–311/2015) को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित करने के आदेश को विलोपित किया जाता है।

इस पर प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/ वि01–102/2024– 305 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/ वि01–102/2024– 305 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

Speed Post

ज्ञापांक–6ए/ वि01–102/2024– 305 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–संवेदक/एजेन्सी Construction & Construction, Ashiana Digha Road, Patna-800025 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–102/2024–305 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव